तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 29 दिसंबर 2024


13 सातधारा वॉटर फॉल से लापता छात्र यश की 48 घंटे बाद मिली लाश


14 सिरसिदा कार्तिकेय हत्या कांड में 16 लोगों की और गिरफ्तारी






## खबर संक्षेप

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक आज

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की नौ माही बैठक 29 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखी गई है। बैठक में सामाजिक प्रकरण का निपटारा, भक्त गुहा निषाद राज की जयंती मनाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा परिचर्चा किया जाएगा। जिसमें पाली परिक्षेत्र के स्वजाति भाईयों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह जानकारी देवपुर पाली अध्यक्ष फगनूराम निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, महासचिव नीलकुमार निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### बिरेझर में जयंती मड़ाई कल

**जीजामगांव।** समस्त सतनामी समाज के तत्वावधान में 30 दिसंबर दिन सोमवार को जयंती मड़ाई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए सुर संगम अकाश अनंत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच जिला जांजगीर चांपा पामगढ़ की शानदार प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी सतनामी समाज बिरेझर के सदस्यों ने दी।

### मरौद में मड़ाई 30 को

**सिर्री।** ग्राम मरौद मे 30 दिसंबर को मड़ाई का आयोजन किया गया हैं। जिसमें रात्रिकालीन कार्यक्रम अर्जुन्दा छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी एवं साथ ही पंथी सुंदरनगर परसदा राजिम की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी कमलेश कुर्रे, विनोद एवं संजय ने दी।

### नवीनीकरण हेतु पंजीयन 31 दिसम्बर तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के गठन से अब तक ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, वे आगामी 31 दिसम्बर तक नवीनीकरण हेतु श्रमेव जयते मोबाईल एप्प/ मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र/ विभागीय वेबसाईट अथवा च्वाईस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 31 दिसम्बर के बाद ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मुख्यमत्री श्रमिक सहायता केन्द्र 0771-3505050 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### बकली में सत्संग समारोह 1 जनवरी से

**सिर्री।** ग्राम बकली में कबीर सत्संग समिति एवं समस्त ग्रामीणों के सहयोग से 1 से 3 जनवरी तक



त्रिदिवसीय भव्य कबीर सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसके प्रवचनकर्ता साध्वी चंद्रकला साहेब होंगे। 1 जनवरी को प्रवचन एवम भजन दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। 2 और 3 जनवरी को प्रवचन सुबह 10 से 1 बजे तक एवम दोपहर 3 से 5 बजे तक किया जायेगा। उक्त जानकारी मिलेश्वर देवांगन ने दी।

---

मामला धमतरी जनपद पंचायत का, जनपद सदस्यों में आक्रोश

# सामान्य सभा के प्रस्ताव के बिना लाखों के विकास कार्यों की स्वीकृति का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनपद पंचायत धमतरी में सामान्य सभा की स्वीकृति के बिना 54 लाख रूपए के प्रस्ताव पास होने की खबर सुर्खियों में है। 54 लाख रूपए में 32 लाख रूपए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के नाम से आरटीजीएस से अंतरण होने का मामला सामने आया है। शनिवार को अवकाश के दिन जनपद सदस्यों ने जनपद पहुंचकर जमकर नाराजगी दिखाई। इस तरह के आरोप लगाकर जनपद सदस्यों ने सोमवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई है।

धमतरी जनपद सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचित जनपद सदस्यों को अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए दो दो लाख रुपए की राशि प्राप्त होती है। जिससे वे अपने निर्वाचित क्षेत्र में विकास कार्य करते हैं। इसके लिए जनपद में सामान्य सभा की बैठक में प्रशासकीय स्वीकृति अनिवार्य रहता है लेकिन सामान्य सभा में प्रस्ताव रखे बिना 32 लाख रूपए की स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया। जिसमें से 32 लाख 40 हजार रूपए की स्वीकृति ग्राम रावां एवं दरगहन में टीन शेड निर्माण, कांक्रीटीकरण, डबरी, रंगमंच के लिए लिमतरा में सामुदायिक भवन आदि की स्वीकृति दे दी गई है। यह राशि जिला पंचायत से जनपद पंचायत को मिल गई है। जनपद सदस्यों का कहना है कि जनपद पंचायत से संबंधित ग्रामपंचायत को राशि ट्रांसफर होने से पहले मामले का खुलासा हो गया। प्रशासकीय स्वीकृति के इस कार्य में तीन प्रमुख जनपद सदस्यों के शामिल होने की सूचना है।

इस मामले में जनपद सीईओ दीपक ठाकुर का कहना है कि सामान्य सभा में स्वीकृति के बिना विकासनिधि के राशि का आबंटन नहीं किया जा सकता, बैठक होने के बाद ही राशि का आबंटन होता है। लगाए गए आरोप निराधार है।



### कलेक्टोरेट का घेराव करेंगे जनपद सदस्य

सामान्य सभा में स्वीकृति के बिना जनपद पंचायत विकास निधि योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत बजट आबंटन राशि का बंदरबाट करने को लेकर शनिवार को जनपद पंचायत में चंद्रकला बंजारे, वर्षा साहू, गोपाल साहू, मानिक साहू, पिंकू साहू, अनिल तिवारी, रामाधार साहू, माधुरी पटेल, रोशनी पवार, ब्रजेश जगताप, गीता ध्रुव, अनुपमा साहू आदि जनपद सदस्य मौजूद थे। शनिवार का अवकाश होने के कारण सीईओ जनपद नहीं पहुंचे। आखिरकार सदस्यों ने सोमवार को इस मामले की शिकायत कलेक्टर से करेंगे।

# खिसोरा में युवक की गला दबाकर हत्या, इलाके में फैली सनसनी





■ घर से एक किलोमीटर दूर बरगन पाठ जगह में मिला शव, संदिग्ध लोगों से पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

करेली बड़ी चौकी अंतर्गत ग्राम खिसोरा में एक युवक का शव उनके घर से एक किलोमीटर दूर मिला है। इस घटना इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी अनुसार सनत कुमार उर्फ संजू विश्वकर्मा पिता यशपाल विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष जो नारी में एक वर्ष से हाईवा चालक का कार्य करता था। 27 दिसम्बर को खिसोरा का मड़ई था तो घर आया हुआ था।

परिजनों ने बताया कि युवक सनत विश्वकर्मा रात्रि में 9.30 बजे घर से निकला हुआ था। सुबह युवक का शव उनके घर से एक किलोमीटर दूर कोपरा मार्ग, खेल मैदान के नजदीक बगरन पाठ में बबूल पेड़ के नीचे पड़ा हुआ था। बगरन पाठ में युवक का शव पड़े होने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। सरपंच गिरेश साहू, उपसरपंच राम किशुन निषाद ने घटना की सूचना करेली बड़ी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, करेली बड़ी चौकी प्रभारी एसआई अजय सिंह, मगरलोड टीआई राजेश जगत एएसआई तुलसी मिथलेश, धनी राम नेताम, आरक्षक विश्वजीत वर्मा, नवीन टंडन, बलराम सिन्हा मौके पर पहुंचे। शव का बारीकी से निरीक्षण पश्चात पतासाजी की जा रही है। फॉरेंसिंग एफएसएल टीम व डॉग स्क्वॉड ने भी घटना का जायजा लिया।

घटना स्थल में शव के पास युवक का काला बैग व पल्सर बाइक जिसमें चाबी लगा हुआ था। प्रथम दृष्टया युवक हत्या का संदेश जताया जा रहा है। चौकी प्रभारी एसआई अजय सिंह ने बताया कि युवक के चेहरे, नाक, मुंह, आंख में चोट का निशान था। अज्ञात हत्यारे ने युवक सनत कुमार के उपयोगी कपड़े से गला घोंटा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या रात्रि 10 से 12 बजे के बीच हुआ होगा।

# आरक्षक भर्ती : 689 अभ्यर्थियों की हुई शारीरिक दक्षता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ तीन जिलों के 2 हजार अभ्यर्थियों को बुलाया गया था

पुलिस लाइन रूद्री में चल रहे आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा में तीन जिलों से 2 हजार अभ्यर्थियों को बुलाया गया था जिसमें से 689 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए।

आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा प्रक्रिया में एसपी आंजनेय वार्ष्णेय एवं भर्ती कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में शनिवार को धमतरी, गरियाबंद व महासमुंद जिले से दो हजार अभ्यर्थियों को बुलाया गया था जिसमें से 783 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की छानबीन-परीक्षण व नापजोख किया गया जिसमें से 94 अभ्यर्थी अपात्र पाये गये। वहीं 689 अभ्यर्थी को पात्र पाया गया। पात्र अभ्यर्थियों का 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद सहित शारीरिक दक्षता की परीक्षा लिया गया। कुछ अभ्यर्थी अपात्र व कुछ के दस्तावेजों में खामी पाई गई है। उन अभ्यर्थियों द्वारा दावा-आपत्ति की जा रही है जिसका पुलिस अधीक्षक एवं भर्ती कमेटी द्वारा लगातार निराकरण किया जा रहा है। एसपी ने अभ्यर्थियों से अपील किया है कि पुलिस भर्ती कराने के नाम पर कोई व्यक्ति पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना तत्काल धमतरी पुलिस को दे। भर्ती के लिए पैसा देने व लेने वाले दोनों के ऊपर कानूनी कार्रवाई कर उक्त अभ्यर्थी को पुलिस भर्ती प्रक्रिया से अलग किया जायेगा। एसपी ने कहा है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है तथा पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। अभ्यर्थी किसी के झांसे में न आये।






# सर्व आदिवासी समाज अपने अधिकारों के लिए एक मंच पर आएं : जीवराखन






**धमतरी।** अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज धमतरी गढ़ ने स्थानीय बालक दास भवन जोधापुर में शक्ति दिवस मनाया। जिसमें सभी समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम के पूर्व शहर में कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद सामाजिक बैठक में एकता पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद, आदिवासी पारंपारिक नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई।

■ हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ने मनाया शक्ति दिवस

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि संविधान हमें कई अधिकार दिए हैं, उन अधिकारों की प्राप्ति क लिए आज हमें लड़ना पड़ रहा है। आदिवासी समाज की जमीन को 29 साल 11 महीने की लीज पर लेकर हड़पने का काम हो रहा है। अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने सभी आदिवासी समाज को एक मंच में आना होगा। समाज के युवाओं को स्वरोजगार, व्यापार, उद्योग की ओर अग्रसर होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हल्बा समाज के ब्लाक अध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने कहा कि शक्ति दिवस की शक्ति, गौरव, परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ समाज के सभी सदस्यों को संगठित करने की दिन है। जयपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि यह अवसर सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर धमतरी रामकुमार कृपाल, देवेश सूर्यवंशी, परियोजना अधिकारी, आरएल देव पूर्व ईई जल संसाधन विभाग, महेश रावटे कार्यकारी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, उदय नेताम महासचिव सर्व आदिवासी समाज धमतरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम में एचआर परिहा, पवन परिहा, पंकज परिहा, मन्नभ राणा, अविनाश रावटे, शंकर रावटे, अमित भोयर, तुलसी रावटे, लता कोसमा, माधुरी रावटे, श्रीदेवी रावटे, मीनाक्षी परिहा, गोड़ समाज से कृष्णा ठाकुर, ढालू राम ध्रुव सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित थे।

# मकान निर्माण को लेकर दो भाई परिवार सहित आपस में भिड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ सात लोगों पर अपराध दर्ज

मकान निर्माण के दौरान उपजे विवाद के चलते दो भाई परिवार के बीच जमकर मारपीट हो गई। शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्ष के सात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार फारेस्ट विभाग में डिप्टी रेंजर के पद पर पदस्थ उत्तम साहू पिता श्रीराम उम्र 53 वर्ष स्कूलपारा ग्राम सांकरा थाना सिहावा निवासी ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि सभी भाइयों के बीच जमीन का आपसी भाई बंटवारा हो चुका है। उसका छोटा भाई मिश्रीलाल साहू उसके घर के बाजू में मकान बना रहा है। मिश्रीलाल ने बिना पूछे उसके दीवार में ड्रील मशीन से छेद कर लेंटर ढाल दिया। जानकारी होने पर विरोध किये जाने पर मिश्रीलाल अपने पुत्र आशीष साहू व ललित साहू के साथ मिलकर अश्लील गालियां दे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ मारपीट किया। बीचबचाव कर रही उसकी पत्नी भुनेश्वरी साहू व पुत्र अजय साहू को भी धमकी देकर मारपीट किया। मारपीट से तीनों को चोट लगी है। पीड़ित उत्तम साहू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मिश्रीलाल साहू, आशीष साहू व ललित साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।




वहीं दूसरे पक्ष के मिश्रीलाल साहू उम्र 52 वर्ष सांकरा निवासी ने शिकायत दर्ज कराया है कि उसके नाम पर ग्राम सांकरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिये आवास की स्वीकृति हुई है। वह अपने हिस्से के जमीन पर मकान निर्माण करा रहा था। निर्माण के दौरान डीपीसी का कार्य किया गया था। जिस बात से नाराज होकर बड़े भाई उत्तम सिंह साहू, भाभी भुनेश्वरी साहू, भतीजा अजय व भांजा गितेश साहू ने मिलकर उनके हिस्से की जमीन पर बढ़ाकर डीपीसी करने की बात कहकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके पुत्र आशीष व गर्भवती बहू भावना साहू के साथ मारपीट किया। भांजा गितेश ने उसके साथ चप्पल से मारपीट किया। मिश्रीलाल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी उत्तम साहू, भुनेश्वरी साहू, अजय साहू, गितेश साहू के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ काउन्टर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## शिक्षा विभाग तैयारियों में जुटा, परीक्षाएं 20 जनवरी से शुरू होंगी

# दसवीं, बारहवीं प्री-बोर्ड की परीक्षा में 18 हजार विद्यार्थी सम्मिलित होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नए शिक्षण सत्र के इस साल 10वीं एवं 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाओं में 18 हजार विद्यार्थी परीक्षा दिलाएंगे, जिसमें 10वीं के 10509 एवं 12वीं के 8056 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। यह परीक्षा जिले के परीक्षा केन्द्रों में होंगी जिसमें शासकीय एवं निजी स्कूलें शामिल हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि प्री बोर्ड की परीक्षाओं के लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। परीक्षा घोषित होने के बाद स्कूलों में पढ़ाई तेज हो गई है जिसके लिए समय सारिणी भी घोषित हो गई है। दोनों कक्षाओं की प्री बोर्ड की परीक्षा 20 जनवरी से प्रारंभ होगी। इसी क्रम में जिला शिक्षा विभाग में बैठक की गई, जिसमें सभी प्राचार्य केन्द्राध्यक्ष उपस्थित थे। श्री जगदल्ले ने जानकारी देते हुए विषयवार कोर्स की जानकारी ली। बैठक में बताया कि सभी स्कूलों में 85 से 90 प्रतिशत तक कोर्स कम्पलीट हो चुका है। प्री बोर्ड परीक्षाएं छात्र-छात्राएं अपने अध्ययनरत स्कूलों में ही दिलाएंगे। दोपहर 12 बजे परीक्षार्थियों को केन्द्रों में प्रवेश मिलेगा। 12.05 बजे उत्तर पुस्तिका का वितरण, 12.10 बजे अध्ययन के लिए प्रश्न पत्र का वितरण, 12.15 से दोपहर 3.15 बजे तक प्रश्न पत्र हल करने समय दिया जाएगा। प्री बोर्ड परीक्षा, वार्षिक परीक्षा की तरह ही होगी। इसके लिए केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति के साथ उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। बोर्ड परीक्षाएं माध्यमिक शिक्षा मंडल से जारी ब्लूप्रिंट के आधार पर ही लिया जाएगा। उच्च कार्यालय के निर्देश पर प्रश्न पत्र स्थानीय स्तर पर तैयार होगी। प्री बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वालों के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी।



## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास जयंती पर ग्राम कोपेडीह हंचलपुर में मंडाई का आयोजन

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोपेडीह हंचलपुर में गुरु घासीदास जयंती के पर ग्राम में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है जिसमें लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मोर छाइयां भुईया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी होचे टोला की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी कमलेश जांगड़े, राकेश खुटे, चंद्र प्रकाश बंजारे, यशवंत बंजारे आदि ने दिया है।

### अटल चौक में सुशासन दिवस

**नगरी।** भाजपा के संस्थापक अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को भाजपा मंडल कुकरेल के बूथ क्रमांक 114 एवं 113 गट्टासिल्ली के अटल चौक में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

## निधन

### केएल चन्द्राकर



**धमतरी।** नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. केएल चंद्राकर का आज 27 दिसंबर शाम 7 बजे 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे धमतरी शहर के जाने माने आयुर्वेद चिकित्सक थे । वे मनीष चंद्राकर (मनीष मेडिकल) के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान गुजराती कालोनी से 28 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे शांति घाट के लिए निकली। उनकी अंतिम संस्कार के समय नगर के गणमान्य नागरिक सहित समाजिकजन उपस्थित थे। जहां उन्हें दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### श्रीमती उर्मिला देवी



**धमतरी।** अधारी नवागांव वार्ड निवासी सेवानिवृत्त व्याख्याता श्रीमती उर्मिला देवी उम्र 77 वर्ष की अस्वस्थता के चलते इलाज के दौरान बठेना अस्पताल में निधन हो गया। वे उग्रसेन पुरी गोस्वामी तरसींवा बेलडबरी वाले बाबा की धर्मपत्नी, अधिवक्ता तल्लीन पुरी गोस्वामी, शिक्षक तन्मय पुरी गोस्वामी, निष्ठा प्रकाश अग्रवाल खरियार रोड की माता तथा अभिज्ञा, दीक्षा, चिनू की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा अधारी नवागांव वार्ड स्थित निवास स्थान से सुबह 11 बजे पैतृक गांव तरसींवा के लिए निकली, जहां बेलडबरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें पत्रकारिता और विधि जगत के गणमान्य लोग सहित प्रबुद्ध नागरिक, समाजजन व पारिवारिकजन काफी संख्या में उपस्थित थे।

### लतखोरराम साहू



**सांकरा।** ग्राम सांकरा स्कूलपारा निवासी लतखोरराम साहू उम्र 74 वर्ष का आकस्मिक निधन शनिवार को हो गया। वे बाबूलाल, बरसाती, दसरू, परमानंद साहू के बड़े भाई, शैलेंद्र साहू, अजय साहू एवं पुरंजय साहू के बड़े पिताजी थे । उनकी अंतिम यात्रा में समाजजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए।

आवश्यकता है
दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी
सेल्समेन 3 पद
एवं
सेल्स गर्ल 3 पद
की आवश्यकता है
(वेतन योग्यतानुसार)
संपर्क करें
छत्तीसगढ़ वस्त्रालय
बठेना अस्पताल के पास, रायपुर रोड, धमतरी

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

नगर के बस स्टैंड से बजरंग चौक तक निकाली मौन रैली

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी ने सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंग के साहेबजादों की शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में नगर के बजरंग चौक में मनाया गया। शहीद स्मारक शासकीय अस्पताल के सामने से दो दो की पंक्ति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौन रैली नगर के बस स्टैंड होते हुए बजरंग चौक तक निकाली। बजरंग चौक में चार साहेबजादों की चित्र पर दीप जलाकर फूलों की वर्षा की गई।

भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने मंच संचालन के दौरान कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के बेटों की शहादत की याद में आज वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। वीर बाल दिवस भारती की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने का संकल्प का प्रतीक है। सिख गुरुओं ने भारतीयों को अपनी भूमि के गौरव के लिए जीना सिखाया। पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा ने कहा कि जब मुगलों ने आनंदपुर साहिब पर आक्रमण किया तो गुरु गोविंद सिंह जी का परिवार बिखर गया। छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह 9 वर्ष और बाबा फतेह सिंह 7 वर्ष अपनी दादी माता गुजरी के साथ अलग हो गए। उन्हें मुगलों द्वारा पकड़कर शारहिद ले जाया गया, वहां वजीर खान ने उन्हें इस्लाम धर्म अपनाने का आदेश दिया लेकिन साहिबजादों ने अपने धर्म और मूल्यों की रक्षा करते हुए इस्लाम धर्म स्वीकार करने से इनकार कर दिया। उनकी इस साहस के लिए उन्हें जीवित ही दीवार में चुनवा दिया गया।

पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला ने कहा कि साहबजादों के बलिदान की स्मृति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी 2022 को घोषणा की कि हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन को चुनने का उद्देश्य साहबजादों की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करना और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को साहेबजादों के बलिदान और उनकी वीरता से प्रेरणा देना है जिसके तारतम्य में आज मंडल नगरी में यह आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक रूपेंद्र साहू ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में कमल डागा, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा महामंत्री हृदय साहू मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, नपं उपाध्यक्ष अजय नाहटा जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी चेलेश्वरी साहू गुरुप्रसाद साहू नर्सिंग मरकाम, संत कोठारी, नरेंद्र नाग, आतिश देवांगन, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष राजा पवार, रवि भट्ट, अनिरुद्ध साहू, हनी कश्यप, प्रदीप छाजेड़, विकास जैन, सौरभ नाग, अश्वनी निषाद, भूपेंद्र साहू, योगेश देवांगन, प्रदीप देवांगन, कमलेश निर्मलकर, कुलेश साहू, देवीचंद जैन हीरउ कोसरे उपस्थित रहे।

# दंतेश्वरी माई को नमन कर मनाया शक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

हल्बा समाज के आराध्य देवी दंतेश्वरी माई की आराधना करते हुए व शहीद गैंदसिंग नायक को याद कर गुरुवार को ग्राम उमरगांव में शक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम समाज के महिलाओं एवं युवाओं के द्वारा कलशयात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया गया उसके बाद दंतेश्वरी माई व शहीद गैंदसिंह नायक के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजन अर्चन किया गया फिर आमंत्रित अतिथियों का स्वागत सम्मान कर सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन पुजारी संभागीय अध्यक्ष हल्बा समाज थे, अध्यक्षता मंशाराम सोम ग्रामीण अध्यक्ष हल्बा समाज ने किया।

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ईश्वर पटेल जनपद सदस्य, सुरेश मरकाम सरपंच, ठाकुरराम मरकाम उपसरपंच, कृष्णा मारकोले अध्यक्ष गोंडवाना समाज, देवेन्द्र सेन समाज प्रमुख, घुराऊ शेष संरक्षक, लिलंबर शेष, किशन पटेल, तुकाराम निषाद, रामसिंह रात्रे, लखन पुजारी, नकुल सूर्यवंशी, कैलाश पुजारी, यशवंत सूर्यवंशी थे। मुख्य अतिथि मोहन पुजारी ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि जब भी इस प्रकार का आयोजन होता है तो गांव में आपसी सौहार्द व भाईचारे का माहौल बनता है जिससे समाज के साथ साथ गांव की एकता भी दिखाई देती है, प्रत्येक समाज का अपना गौरव पूर्ण संस्कृति है जिसे हमे मिलजुलकर ऐसे ही मनानी है। इस दौरान समाज के बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं आदिवासी गीतों पर सुंदर डांस प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर हल्बा समाज के राजेंद्र नाग, हेमंत पुजारी, विष्णु शेष, मनबोध श्रीमाली, गुलाब सूर्यवंशी, संदीप पुजारी, संजय सूर्यवंशी, कोमल शेष सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चे उपस्थित थे।

# नगरी में साहू समाज ने किया भव्य व्यापार संगोष्ठी का आयोजन

- संगोष्ठी में बताया गया व्यापार करने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

व्यापारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के द्वारा व्यापार संगोष्ठी का आयोजन 26 दिसंबर को किया गया साहू सदन में किया गया। व्यापारियों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि आज के समय में सरकारी नौकरी से अच्छा व्यापार है। तथा शिक्षा नौकरी के लिए ही नहीं बल्कि एक शिक्षित होकर व्यापार करें तो जीवन बेहतरीन हो सकता है। इस कार्यक्रम में जिला व्यापार उद्योग केंद्र के आधिकारी सहित विभिन्न बैंक के आधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जिनके द्वारा बैंक से लोन लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

समाज को आगे बढ़ाने के साथ साथ आर्थिक स्थिति मजबूत करने व लोगों को व्यापार से जोड़ने व व्यापार कैसे करें तथा शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से बैंक




लोन कैसे प्राप्त करें तथा लोन लेकर व्यवसाय को कैसे आगे बढ़ाएं, बैंकिंग कार्य से कैसे पैसा कमाएं इन विभिन विषयों की जानकारी दी गई।

आयोजित व्यापार संगोष्ठी में मुख्य रूप से डीपी साहू प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी, अभिषेक कुमार प्रबंधक स्टेट बैंक नगरी, सनत मिश्रा पंजाब नेशनल बैंक, स्वराज वर्मा ग्रामीण बैंक नगरी, नरेंद्र देवांगन, राकेश रंजन दास एक्सिस बैंक नगरी सहित विभिन्न बैंक आधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला व्यापार उद्योग के प्रबंधक डीपी साहू ने कहा कि लोन लेकर पैसा को व्यवसाय में सही उपयोग करे, तो निश्चित रूप से हम आगे बढ़ सकते हैं।

कार्यक्रम के मुख्यतिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, अध्यक्षता कंवलराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, विशेष अतिथि के रुप में पुनीतराम साहू, श्रीमति भुनेश्वरी साहू, चेलेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, कोसिल्या साहू, तारामति साहु, धनीराम साहू, सहदेवराम साहू, अनराज साहू, पदुमलाल साहू, पेमन स्वर्णबेर, अनिरुद्ध साहू, गौतमचंद साहू सहित कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जन्मेजय साहू, हरीश साहू, भूषण साहू, मनोहर साहू, मनोज साहू, झाड़ूराम साहू, जितेंद्र साहू, नीरज साहू, प्रभुराम साहू, भूपेंद्र साहू, राधेलाल साहू, रूपेंद्र साहू, लेखराम साहू, बलदेव साहू, पेमंत साहु, भुनेश्वर साहू, लेखराज साहू, दिनेश साहु, भरत साहू, गौतमचंद साहू, सखाराम साहु, यादराम साहू, भूपेंद्र साहू, लालसिह साहू, चंद्रभान साहू, प्रभुलाल साहू, मिलाप साहू सहित सामाजिक लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# मानव जीवन है अनमोल : आचार्य अनिल तिवारी



**धमतरी।** निमेश कुमार साहू और पूर्णिमा साहू के नव निर्मित घर एवं प्रतिष्ठान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आचार्य अनिल तिवारी द्वारा कथा भागवत जारी है। जहां सैकड़ों लोग प्रतिदिन कथा श्रवण करने आते हैं। पं अनिल तिवारी अरमरीकला वाले महाराज ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है। संसार में कर्म करने के लिए आये है तो भगवत भजन में भी मन लगाना चाहिए। उन्होंने सदाचार पर बल देते हुए सभी श्रद्धालु को राजा बली के प्रसंग सुनाए तो दर्शक दीर्घा प्रफुल्लित नजर आए। कथा भागवत में चैतराम को स्मरण किया गया तथा ठेलाबाई, नेहरुराम, गोदावरी, रवि साहू, देवलाल, घनश्याम साहू, पवन गुरुपंच परिवार सहित उपस्थित रहे।

# अमलीडीह के भागवत कथा में हुआ रुक्मणी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

भखारा कोर्रा के अंतर्गत राधा रानी महिला समूह के द्वारा ग्राम अमलीडीह में द्वितीय वर्ष श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 21 दिसंबर 2024 दिन शनिवार से प्रारंभ हुआ और पांचवें दिन कंस वध, रुक्मणी विवाह उत्सव का कथा बताया गया। रुक्मणी विवाह की कथा को सुनने के लिए धमतरी क्षेत्र विधायक ओंकार साहू पहुंचे थे। श्री साहू भगवान कृष्ण रुक्मणी के विवाह में श्री कृष्ण के बाराती बनकर आए और दर्शकों के साथ झूमकर नृत्य भी किया।

भागवत कथा स्थल में बैठकर वासुदेव महाराज के से कथा श्रवणकिया। ओंकार साहू धमतरी विधायक ने राधा रानी महिला समूह की भूरि भूरि प्रशंसा की। जिस प्रकार से महिलाओं ने एक होकर सामूहिक प्रयास से दूसरे वर्ष श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया एवं





ग्रामवासियों के लिए दोपहर में भंडारा का आयोजन भी किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। कथावाचक वासुदेव जी महाराज ने बताया की भगवान श्री हरि विष्णु के आठवें अवतार के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। अपने माता-पिता और दादा अग्रसेन तथा मथुरा के प्रजा को कंस के अत्याचार से मुक्त करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कंस का वध किया। इसके बाद रुक्मणी हरण और कृष्ण विवाह का कथा सुनाया गया। माता रुक्मणी, लक्ष्मी का अवतार है। माता रुक्मणी है जो भगवान श्री कृष्ण से अनन्य प्रेम करते थे और उनके भाई रुक्मण कृष्ण से बैर करते थे और रुक्मणी जी का विवाह शिशुपाल से करना चाहते थे।रुक्मण शिशुपाल और भगवान श्री कृष्ण का भयंकर युद्ध हुआ शिशुपाल की हार हुई और फिर भगवान श्री कृष्ण का द्वारका में रुक्मणी के साथ वैदिक रीति रिवाज से विवाह कार्य संपन्न कराया गया।

कथा को श्रवण करने के लिए क्षेत्र के प्रसिद्ध है ज्योतिष आचार्य पंडित सुनील तिवारी गुजरा वाले भी पहुंचे थे। ज्योतिषाचार्य जी ने बताया कि कि हमें कथा स्थल में बैठकर के पूर्ण कथा श्रवण करना चाहिए कथा श्रवण पश्चात प्रसाद ग्रहण करके कथा का पूर्ण फल प्राप्त करना चाहिए तभी हमारे पूर्व जन्म की पाप कर्म पुण्य में बदल जाएंगे और हमें प्रभु श्री हरि की प्राप्ति होगी।

श्री सुनील तिवारी ज्योतिषाचार्य ने नशा पान का घोर विरोध करते हुए कहा कि लोग आज दारू गांजा बिड़ी शराब की नशा में डूब कर अपने शरीर को बर्बाद कर रहे हैं जिससे घर परिवार के साथ-साथ धन संपत्ति भी पूरा बर्बाद हो जाता है। उन्होंने कहा की नशा करना है तो प्रभु श्री हरि की भक्ति की करो।

# सहकारी समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सहकारिता विभाग द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर 24 को केंद्र सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के तहत आज केंद्रीय स्तर पर नई दिल्ली में नवीन समितियों का शुभारंभ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में किया गया। छत्तीसगढ़ में भी सहकारिता मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यक्रम जगदलपुर में आयोजित किया गया।

इसी तारतम्य में जिला धमतरी के कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में




खूबलाल ध्रुव सदस्य जिला पंचायत धमतरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों के स्वागत उपरान्त जिले में नवगठित पंजीकृत पांच समितियां जिसमें दो मछुआ सहकारी समिति तथा तीन वन धन विकास केंद्र सहकारी समितियों के सचिवों को पंजीयन प्रमाण पत्र, केसीसी कार्ड वितरित करते हुए श्री ध्रुव द्वारा सम्मानित किया गया। पैक्स कोकड़ी के सचिव जनक निषाद को सी.एस.सी. में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

प्रमाण पत्र वितरण उपरांत नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सहकारिता उपायुक्त एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं प्रदीप ठाकुर, कोऑपरेटिव बैंक धमतरी परिक्षेत्र अधिकारी श्री गोस्वामी, जिला सहकारी संघ प्रबंधक ए पी गुप्ता, विभागीय अधिकारी एवं बैंक स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सहकारी निरीक्षक अरविंद मिश्रा द्वारा किया गया।

# सीसी रोड निर्माण कार्य में तानाशाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

सीसी रोड निर्माण कार्य में तानाशाही बरतने का मामला सामने आया है। घटना रामपुर की है जहां ग्राम पंचायत रामपुर के अंतर्गत सी सी रोड निर्माण कार्य किया जा रहा है। रोड के निर्माण में मनमानी बरतने का कार्य किया जा रहा है जिससे वास्तविक दूरी तक रोड निर्माण का कार्य नहीं हो पाया। इसके कारण नीलिमा वैष्णव रामपुर निवासी के घर के पास से रोड को बनाना था लेकिन मनमाने तरीके से कार्य को अधूरे में ही रोक दिया गया है।

वैष्णव परिवार के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उनके घर के पास बरसात के मौसम में पानी जमा हो जाता हैं जिससे बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसकी जानकारी कलेक्टर को भी दी गई है। उनके द्वारा आश्वाशन दिया गया है। नीलिमा वैष्णव जो कि स्कूल में पढाई कर रही हैं लेकिन अपने इस समस्या के समाधान के लिए अपनी पढाई छोड़ कर कार्यालयों का



चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं। इससे पंचायत का तानाशाही रवैया नज़र आ रहा है। उनके द्वारा हर संभव पंचायत प्रतिनिधियों से निवेदन किया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं किया गया। मजबूरन उसे कलेक्टर कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

कन्या कॉलेज में वीर बाल दिवस कार्यक्रम हुआ, साहिबजादों की शहादत को किया गया नमन

# साहिबजादों की शहादत युवाओं के लिए प्रेरणा : डॉ मनदीप खालसा

- बलिदानियों की शहादत व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, देश के लिए होता है : डॉ अनिता राजपुरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

26 दिसंबर को 1705 में सिक्ख धर्म के दसवें गुरू गुरुगोविद सिंह के महान सपूतों को धर्म नहीं बदलने पर प्रतिशोध स्वरूप मुगलों द्वारा जिंदा दीवार में चुनवा दिया था, इस शहादत को नमन करने के लिए प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रुप में मनाने का आह्वान 2022 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। इसी तारतम्य में शासन के निर्देशानुसार शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में वीर बाल दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मनदीप खालसा प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी, अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनिता राजपुरिया ने किया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गमला भेंट कर किया गया।

छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ मनदीप खालसा ने सिक्ख समाज के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों की शहादत व उसके परिवार कि कुर्बानियों को चित्रों से उल्लेखित करते हुए विस्तृत



जानकारी दी। वीर बाल दिवस मनाने का उद्देश्य साहिबजादो के शहादत जिन्होंने मुगलों के तुगलकी फरमान को नकारते हुए धर्म परिवर्तन नहीं किए बल्कि अपने धर्म के लिए शहादत को स्वीकार किए। सिक्ख समाज के साहिबजादों पर घटित 1705 ईं की शहादत को याद करते हुए आज के युवाओं को वीर सपूतों के अदम्य साहस से प्रेरणा लेना चाहिए।

प्राचार्य डॉ अनिता राजपुरिया ने कहा कि बलिदानी सिर्फ़ किसी विशेष, जाति, धर्म सम्प्रदाय से संबंधित नहीं होता उसकी शहादत पूरे राष्ट्र के लिए अनुकरणीय और सम्माननीय होता है। दीवान टोडरमल जैन जी का उदाहरण देते हुए प्राचार्य ने बताया कि उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों के अंतिम संस्कार के लिए मुगल बादशाह से चार गज जमीन 780 किलो सोना देकर खरीदी थी, जिसकी कीमत उस समय लगभग 400 करोड़ थी, टोडरमल जैन के इस कृतज्ञ भाव के लिए सिक्ख समाज ने उनके नाम पर दिल्ली के राजौरी गार्डन गुरुद्वारे के एक बड़े हाल का नाम उनके नाम पर रखा गया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ डीआर चौधरी ने साहिबजादों की अदम्य साहस को नमन किए। डॉ मनदीप खालसा द्वारा साहिबजादो कि शहादत को बताते समय प्राध्यापकगण व छात्राओं की आंखें नम हो गईं, सभी ने उनकी शहादत को शत शत नमन किए। कार्यक्रम का संचालन जनभागीदारी व्याख्याता सतीश साहू एवं आभार सहायक प्राध्यापक डॉ रोहिणी मरकाम ने किया।

इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता तीजन साहू, पूर्णिमा साहू व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिलीप राठौड़ पिता स्व. बाबूलाल राठौड़, निवासी मकान नं. 783, वार्ड नं. 37, स्वामी विवेकानंद वार्ड, रोहरा कालोनी के बाजू में रत्नाबांधा रोड धमतरी (छ.ग.), पुराना नाम दिलीप कुमार राठौड़ को बदलकर नया नाम दिलीप राठौड़ रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम दिलीप राठौड़ से ही जाना पहचाना जावे।

**दिलीप राठौड़**
**मकान नं. 783, वार्ड नं. 37**
**स्वामी विवेकानंद वार्ड,**
**रोहरा कालोनी के बाजू,**
**रत्नाबांधा रोड धमतरी,**
**तह.व जिला धमतरी (छ.ग.)**

## अंचल की खबरें

### छाती के किसानों ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि



**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में उपस्थित किसान ,मजदूर, रेजा, हमाल कर्मचारियों ने शुक्रवार को सुबह 9 बजे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया और देश के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। उक्त जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र साहू छाती ने दिया।

### ग्राम उड़ेना में खाद गोदाम, राशन दुकान के लिए भूमि आरक्षित



**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती के आश्रित ग्राम उड़ेना में शनिवार को आगामी भविष्य के लिए किसानों, उपभोक्ताओं की सुविधा उपलब्ध कराने खाद गोदाम, राशन दुकान आदि कार्यों के लिए पंचायत के प्रमुखों, गांव प्रमुखों, ग्राम पटेल के उपस्थिति में लोहा के बोर्ड लगाकर भूमि सुरक्षित किया गया। ग्राम पंचायत उड़ेना के द्वारा 1 एकड़ 10 डिसमिल भूमि प्रस्तावित कर समिति छाती को प्रस्ताव देकर पटवारी की आवश्यक दस्तावेज भी प्रदान किया गया है। इस अवसर पर सोसाइटी अध्यक्ष ललित साहू, सरपंच प्रतिनिधि सदानंद साहू, खमहन लाल साहू उपसरपंच, ताजेद्र चंद्राकर ग्राम पटेल, ग्राम समिति प्रमुख गणेशू डाहरे, भोजलाल साहू, घुरूऊ कंवर एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र साहू ने दिया।

### पार्षद ने रंगमंच का किया भूमिपूजन




**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 4 में बीएसएनएल टावर के पास सार्वजनिक स्थल पर रंगमंच की सौगात मिली है। वार्ड वासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। वार्ड पार्षद जितेंद्र ध्रुव के प्रयास से 5 लाख 37 हजार रुपयों से रंगमंच तथा अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन 27 दिसंबर को वार्ड के पार्षद जितेन्द्र ध्रुव ने किया। वार्डवासियों ने बताया कि घरों में जगह नहीं होने के कारण जन्म संस्कार, मृत्यु संस्कार, विवाह संस्कार, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा अन्य कार्यक्रमों को सम्पन्न करने के लिए बड़ी समस्या होती थी। इस पर पार्षद ने सकारात्मक काम किया है। वार्डवासियों ने पार्षद का आभार मानते हुए हर्ष वक्त किया है। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद जियाउद्दीन रिजवी, नगर पंचायत के उप अभियंता प्रमेश ध्रुव, वार्डवासी प्रकाश सोनी, नीलकंठ साहु बसंत साहू, चेतन कुंजाम, भुखूलाल सिन्हा, नरेश पटेल, कौशिल्या साहु, शांति बाई ध्रुव, संतोष नेताम, बल्लु नेताम, ललीता साहु एवं कोमल निषाद आदि उपस्थित थे।

### शक्ति दिवस पर्व पर सभी युवा आदिवासी वेशभूषा में नजर आए





**नगरी।** आदिवासी हल्बा समाज बिरगुड़ी ने शक्ति दिवस पर्व बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। समाज के सभी युवक एवं युवतियां आदिवासी वेशभूषा में नजर आए। मां शीतला में दीप प्रज्ज्वलित कर डीजे की धुन पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। उसके प्रश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश बैस अध्यक्ष भाजपा धमतरी, अध्यक्षता हूमन बिसेन अध्यक्ष हल्बा समाज बिरगुड़ी, विशेष अतिथि प्रकाश गोलछा पूर्व उपाध्यक्ष जपं नगरी, अकबर कश्यप पूर्व अध्यक्ष भाजपा मण्डल बेलरगांव, बिसरीबाई कुंजाम सदस्य जपं नगरी, अनिता मरकाम सरपंच बिरगुड़ी, राधेश्याम नाग अध्यक्ष सहकारी समिति सेमरा, हरिकलाल समुंद, डाकेन्द्र कश्यप, डोमार सोम, हेमीनबाई बिसेन एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के सभी सदस्य थे। समाज प्रमुखों ने समाज विकास उत्थान के बारे में बताया एवं युवाओं को रोजगार के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में टमीश सोम, जगभूषण कश्यप, बुधेश नायक, सत्यवान समुंद, भोजराज नाग, दीपेश नाग, गोवर्धन नाग, अरविंद नाग, शुभम गौर आदि उपस्थित थे।

इंद्रावती नदी में सडार के पास चट्टान में फंसा था लाश

# सातधारा वाटर फाल से लापता छात्र यश की 48 घंटे बाद मिली लाश

- शव को दंतेवाड़ा से लेकर आ रहे है परिजन, रविवार को होगा अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



दंतेवाड़ा जिला के बारसूर के पास सातधारा वॉटरफॉल में गिरे 13 साल के नाबालिग छात्र यश कुमार उर्फ छोटू की लाश 48 घंटे बाद एक किलोमीटर दूर चट्टान में फंसी मिली। जिसे निकाल बारसूर पुलिस पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों सौंप दी है। आज सुबह परिजन गृहग्राम जोरातराई में मृतक यश का अंतिम संस्कार करेंगे। हंसते-खेलते छोटू की अकाल मृत्यु से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

बता दें कि यश कुमार साहू 13 वर्ष पिता नोहर साहू ग्राम जोरातराई (सिलौटी) निवासी धमतरी मैत्री विहार कॉलोनी में किराए के मकान में अपनी मां के साथ रहता था। जो कि अपनी बुआ के लड़के धर्मराज के साथियों के साथ बुधवार 25 दिसंबर की रात घूमने के लिए जगदलपुर के नाम से निकला था। 26 दिसम्बर की सुबह 7 बजे अपने साथियों के साथ बारसूर वाटरफॉल पहुंचा था। इस दौरान यश ब्रश करने के बाद मुंह धोने जैसे ही नीचे झुका अनबैलेंस होकर नीचे गिर गया। यश के डूबते ही उसके साथी पास ही स्थित सीआरसीएफ के कैंप पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, गोताखोरों को भी बुलाया गया, तलाश शुरू की गई।

### खोजबीन के दौरान तहसीलदार संतोष ध्रुव ने की मदद

परिजनों ने बताया कि जैसे ही 26 दिसम्बर की सुबह करीब नौ बजे उनके भांचा धर्मराज द्वारा यश के नदी में बह जाने की सूचना मिली। वे लोग बिना कोई तैयारी के जिस हालात में थे वैसे ही लोवर-टीशर्ट में बारसूर के लिए निकल गये थे। वहां पहुंचने के बाद परिस्थिति कुछ और ही निर्मित हो गई। दिनभर खोजबीन के बाद भी यश का कोई सुराग नही मिल पाया। तब वहां पदस्थ तहसीलदार संतोष ध्रुव जो कि धमतरी जिले के ग्राम टिपानी का रहने वाला है ने उनकी ठहरने व खाने के लिए दो दिन तक पूरा बंदोबस्त किया। मानवीय संवेदना के चलते वे जब तक लाश को गीदम से पीएम कराकर विदा नही किए तब तक वे अपने घर नही लौटे। वहीं जोरातराई गांव से सरपंच प्रतिनिधि चोवाराम गंजीर व रोजगार सहायक बलराम सिन्हा भी मदद के लिए अपने स्तर पर प्रयासरत रहे।

### रेस्क्यू टीम तीसरे दिन यश को ढूंढकर नदी किनारे लाये

26 व 27 दिसंबर को पुलिस, सीआरपीएफ व एसडीआरएफ के साथ यश को दूढने गये परिजन द्वारा लगातार रेस्क्यू की गई। जिसे 48 घंटे बाद शनिवार की सुबह करीब 1 किलोमीटर दूर सडार के पास स्थानीय ग्रामीणों ने चट्टान के बीच पानी में शव को फंसा देखा। तुरंत पुलिस पहुंची व एसडीआरएफ की टीम पहुंच शव को किनारे लाये। शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए गीदम अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी अनुसार विधायक अजय चंद्राकर भी बालक को जल्द ढूंढ निकालने दंतेवाड़ा प्रशासन से लगातार अपडेट ले रहे थे।

### अस्पताल में स्वीपर नहीं होने से पीएम में हुई देरी

यश के पिता नोहर साहू, बड़े पिता हेमंत साहू, चाचा यशवंत गंजीर ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए बारसूर अस्पताल में स्वीपर नही होने की वजह से पोस्टमार्टम के लिए गीदम सामुदायिक अस्पताल भेजा गया। वहां भी स्वीपर नही होने पर दंतेवाड़ा से स्वीपर बुलाया गया। करीब डेढ़ बजे स्वीपर पहुंचा तब कहीं जाकर शव का पोस्टमार्टम हो पाया। यश का शव ले परिजन देर शाम धमतरी पहुंचे है। अंतिम संस्कार आज सुबह 08 बजे गृहग्राम जोरातराई में किया जायेगा। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बगौद में बह रही है राम रस की अविरल धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



ग्राम बगौद में रामकथा मानस मंथन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ग्राम बगौद के शिव मंदिर से गांव की महिलाएं कलशयात्रा के साथ गांव के भ्रमण कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। कार्यक्रम 23 दिसम्बर सोमवार से 31 दिसंबर दिन मंगलवार तक मानस मंथन कथावाचक पं. रेवेन्द्र वैष्णव (दाऊ महाराज) ग्राम गोडेला, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) के मुखारविंद से अविरल कथा प्रवाहित हो रहा है। समय दोप. 1 से संध्या 5 बजे तक साथ में 31 दिसम्बर को मानस मंथन समय 10 से 1 बजे तक तत्पश्चात महाप्रसादी (भण्डारा) का आयोजन रखा गया है। भंडारे का आयोजन ग्राम पंचायत बगौद, जय चण्डी बाल समाज, जय बजरंग बाल समाज, राधा स्वामी सतसंग समिति, समस्त दुर्गा पूजा सेवा समिति, जय चण्डी युवा एकता मंच, समस्त महिला स्व सहायता समूह, मरादेव सेवा समिति एवं समस्त मातृ शक्ति ग्रामवासी एवं जय गणेश परिवार ग्राम बगौद आदि के सहयोग से किया जा रहा है।

### डांडेसरा में अटल बिहारी को किया याद

**डांडेसरा(धमतरी)।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को ग्राम डांडेसरा के अटल चौक में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। श्री वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-पाठ किया गया। मौके पर ग्राम पटेल अंगद राम साहू, सरपंच बिन्दु बाई साहू, सचिव खेदन लाल निषद, रोजगार सहायक एमन्त कंवर, जानकी जोशी उपस्थित थे।

## डॉ मनमोहन को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




राजीव भवन में हुआ शोक सभा

भारत के आर्थिक सुधारों के शिल्पकार, सरलता और दूरदर्शिता के प्रतीक, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शनिवार को राजीव भवन धमतरी में कांग्रेसजनों ने गहरी संवेदना व्यक्त कर उनके ऐतिहासिक योगदान को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जैसे सरल, विद्वान और दूरदर्शी नेता शायद ही कभी इस देश को मिलेगा। उनकी दूरदर्शिता ने न केवल अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान को भी नई ऊंचाई दी है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निशु चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष शहर योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, जिला महामंत्री नरेश जसूजा, योगेश लाल, आशीष थिटे, कृष्णा मरकाम, उदित नारायण साहू, विक्रांत पवार, दीपक सोनकर, राजेश पांडेय, विक्रांत शर्मा, गुड्डा दीवान, तिलक सोनकर, साहिल अहमद, आशुतोष खरे, अंबर चंद्राकर, सबीना खान, सूरज पासवान, देवेन्द्र देवांगन, राहुल बख्तानी, जित्तू साहू, पवन यादव, रुद्रा साहू, रूपसेन साहू, नमन बंजारे, श्रवण साहू, ललित यादव, अनूप नेताम, विशु देवांगन, वीरू महाजन, भागी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीईओ क्रेडा रायपुर ने जिले के सौर संयंत्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा, रायपुर राजेशसिंह राणा ने 26 दिसम्बर को धमतरी जिले में सौर संयंत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान विकासखण्ड कुरूद में स्थापित सौर संयंत्रों का मुआयना किया गया, जिसमें सर्वप्रथम पीएमश्री स्कूल में लगे 2.4 किलोवॉट संयंत्र का निरीक्षण के दौरान स्कूल शिक्षिका से संयंत्र की कार्यशीलता संबंधी चर्चा की गई। शिक्षिका द्वारा संयंत्र के सुचारू रूप से कार्यशील होने की जानकारी दी गई। इसके बाद ग्राम गाड़ाडीह में जल जीवन मिशन फेस टू योजना अंतर्गत स्थापित 1एचपी/ 1200/ 10000लीटर टैंक/ 12 मीटर क्षमता के संयंत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें संयंत्र कार्यशील पाया गया।

इसके बाद उन्होंने सौर सुजला योजना फेस-सेवन I अंतर्गत हितग्राही रमन साहू के खेतों में स्थापित सोलर पंप 3एचपी/ डीसी/ सब क्षमता का निरीक्षण किया। उक्त हितग्राही द्वारा सोलर पंप में लगे आरएमएस सिस्टम का उपयोग मोबाईल के माध्यम से अन्य शहरों या अन्य स्थल में ही रह कर सोलर पंप को बंद एवं चालू कर संयंत्र को सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। जिसे सीईओ श्री राणा द्वारा सभी किसानों को उपयोग करने हेतु जागरूक करने निर्देश दिये गये। साथ ही उक्त हितग्राही के गौठान में स्थापित 3 घनमीटर क्षमता के बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण करने पर हितग्राही द्वारा बताया गया कि उनके बायोगैस संयंत्र से प्राप्त गोबर खाद का उपयोग वे फसलों में जैविक खाद के रूप में कर रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही बायोगैस संयंत्र से प्राप्त गैस से 12 से 15 लोगों का भोजन प्रतिदिन तैयार किया जाता है, जिससे एलपीजी गैस की बचत हो रही है। इसके बाद सीईओ क्रेडा श्री राणा द्वारा ग्राम कुहकुहा में सौर सुजला योजना फेस 8 अंतर्गत शिवदयाल पटेल के घर मे स्थापित 3एचपी/ डीसी/ सब क्षमता के सोलर पंप एवं 3 घनमीटर क्षमता के बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर किसान ने बताया कि सोलर पंप व बायोगैस संयंत्र का उपयोग कर बिना अतिरिक्त लागत के उत्पादन किया जा रहा है एवं सब्जियां बाजार में विक्रय कर लाभ लिया जा रहा है। इस मौके पर सीईओ राजेश सिंह राणा ने सौर समाधान एप्प को मोबाईल में डाउनलोड करने एवं सोलर संबंधी शिकायत को एप्प के माध्यम से पंजीयन करने संबंधी जानकारी दी।

## रक्तदान कर किया लोगों को जागरूक



- साहू समाज जिला अध्यक्ष ने किया प्रेरणाप्रद कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मानव जीवन में जन्म और मृत्यु का बड़ा ही महत्व है। जिसमें व्यक्ति इस धरती पर मानव के रूप में जन्म लेता है तथा शैक्षणिक, पारिवारिक, सामाजिक दायित्व को पूरा करता है। हर मनुष्य के जीवन का यह पल यादगार रहता है। धमतरी जिला साहू समाज के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने 28 दिसंबर शनिवार को मानस सेवा ब्लड संस्थान में रक्तदान किया। अभी तक अवनेंद्र साहू ने 41 बार रक्तदान कर लोगों की सेवा कर मानवता का परिचय दिए हैं। समाज के माध्यम से सदैव लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करते रहे हैं। उनके द्वारा समाज उत्थान के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम, कैरियर गाइडेंस, रक्तदान, कार्यशाला, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क आदर्श विवाह आदि कार्यक्रम धमतरी जिले में संचालित किया गया है।

इस अवसर पर गणेश साहू, गजानंद साहू, भूमिका साहू, ललित चौधरी, मीतेश साहू, केकती साहू, मंजूषा साहू, चंद्रकला साहू, विजय लक्ष्मी गंजीर, चंद्रभागा साहू, यशवंत साहू, लीलाराम साहू, रामकुमार साहू, रोहित साहू, ईश्वर साहू, गोपाल साहू, राजेंद्र साहू, कृष्णा राम साहू, नंदकिशोर साहू, वीरेंद्र साहू, गोपेश साहू आदि उपस्थित थे।

### परखंदा में मनाया गया सुशासन दिवस

**कुरुद।** परखंदा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। इस शताब्दी वर्ष को भाजपाइयों ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टिकेश साहू सरपंच नवागांव ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक अग्रणी व्यक्ति थे।

किराए से चाहिए
धमतरी शहर में प्राइमरी स्कूल संचालन हेतु बिल्डिंग किराए से चाहिए
संपर्क- 9424119112

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

### कल्लेमेटा में अटल जयंती सुशासन दिवस के रूप में मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम कल्लेमेटा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। समस्त भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण स्तर के सदस्यगण के द्वारा छायाचित्रण पर गुलाल बंदन पुष्पहार अर्पित कर मनाया गया। जिसमें ग्राम के पटेल सियाराम ध्रुव व बूथ अध्यक्ष दयाराम एवं सचिव रूपेन्द्र कुमार ध्रुव व पार्टी स्तर के ग्राम के युवा व महिला पुरुष गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## खबर संक्षेप

### लोहारपथरा में जयंती मंडई 30 दिसंबर को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम लोहारपथरा में गुरु घासीदास जयंती पर्व पर 30 दिसंबर सोमवार को ग्रामीण में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है तथा लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी झन भूलो मां बाप ला मोखा मंडाईभाठा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पूर्व सरपंच व ग्रामीण अध्यक्ष दुलेश्वर साहू, ग्रामीण पटेल नंदकुमार यादव, ग्रामीण सचिव ईश्वर ध्रुव, राम नारायण नागरची, संतराम, चुन्नीलाल सोनवानी, शिवकुमार यादव, मुकेश यादव, चेतन साहू, परमानंद टंडन, कुमार साहू ने दी है।

### सिंगपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

**धमतरी।** शासन के निर्देशानुसार आमजनों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने, विभागीय योजनाओं की जानकारी देने और उनकी मांग, समस्या एवं शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 दिसम्बर को मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिंगपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### डाभा में त्रिदिवसीय भव्य मानसगान सम्मेलन 31 से

**मगरलोड।** ग्राम डाभा में राघवेंद्र राग रसिया एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक त्रिदिवसीय मानस सम्मेलन आयोजन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मंडलियां अपने संगीत व्याख्यान की प्रस्तुति होगी। जिसमें वीर कचना ध्रुवा नव उत्थान डाभा, नव दुर्गा मानस मंडली लड़ेर, जैतपुरी रामधुनी गरियाबंद, सिद्धि विनायक अरौद, पिपरहट्टा ओनवा छुरा, सेंमहरतरा किरवई, धनेली बोडरा, सेलदीप जोरातराई, कोलियारी चंपारण, आञ्जनेय बागबाहरा, कचना मडेली, सम्मेलन का समापन नीलकमल वैष्णव बिलासपुर की मानस मंडली के साथ होगी। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, उपाध्यक्ष रूपेश चक्रधारी, कोषाध्यक्ष कीर्तन साहू, सचिव नन्दकुमार, सहसचिव करण निषाद, संतोष चक्रधारी, चेतन चक्रधारी, दोषण सिन्हा, किशोर निषाद, टीकाराम साहू, छनू विश्वकर्मा, रोहित, शुभम योगी, जीतू निषाद आदि जुटे हुए हैं।

### फ्लैक्स एवं प्रिंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की पहली बैठक हुई

**धमतरी।** धमतरी फ्लेक्स एवं प्रिंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की पहली बैठक हुई। बैठक में संगठन की एकता, मजबूती पर चर्चा की गई। धमतरी जिले में प्रिंटिंग फ्लेक्स बैनर के संबंध में नई रेट लिस्ट तैयार की गई। संगठन में सदस्यता लेने के लिए कुछ नियम बनाए गए। जिले में प्रिंटर्स एसोसिएशन की तरफ से जो रेट लिस्ट जारी की जाएगी उसी रेट लिस्ट पर सभी प्रिंटर्स और फ्लैक्स मशीन चलाने वाले दुकानदार काम करेंगे। नियम का पालन नहीं करने वाले सदस्यों पर कार्रवाई की जायेगी।

धान चोरी के आरोप में पीट पीटकर युवक को मारने वाले अब तक 29 ग्रामीणों पर कार्यवाही

# सिरसिदा कार्तिकेय हत्या कांड में 16 लोगों की और गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



धान चोरी के आरोप में ग्राम सिरसिदा के कुछ ग्रामीणों द्वारा तीन युवकों के साथ लाठी डंडे से की गई मारपीट के बाद एक की हुई मौत मामले में पुलिस ने वीडियो फुटेज और बयान के आधार आज 16 लोगों को और गिरफ्तार किया है। जिसे डाक्टरी मुलाहिजा के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। उक्त मामले में अब तक 29 ग्रामीणों की गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें तीन महिला भी शामिल है।

गौरतलब हो कि 22-23 दिसम्बर की दरम्यानी रात कुरुद थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसिदा में कुछ युवकों को संदिग्ध हालात में घूमते हुए देख कर ग्रामीणों ने भीखम साहू के यहां चोरी करने आए हो कहकर हल्ला किया। जिससे डरकर कार्तिक पटेल और मोन्टू साहू वहां से भाग गये। लेकिन ओंकार साहू पकड़े गए। जिससे और कौन-कौन थे साथ में कहकर पूछने पर कार्तिक पटेल और मोन्टू साहू का नाम बताया गया। जिसे उनके घर से बुलाया गया। कुछ देर बाद 10-12 ग्रामीण महिला एवं पुरुष इकट्ठा हो गये। जिसमें ग्राम सिरसिदा के भीखम साहू, नोहर साहू, बुधेश्वर साहू, प्रेम साहू, किशन साहू, बिरेन्द्र साहू, तोरण साहू, रामनाथ साहू, रमेशर साहू, धान बाई साहू, गीतांजली साहू, शशिकला साहू ने ग्रामीणों के साथ मिलकर धान चोरी की बात को लेकर कार्तिक पटेल, संजय साहू, देवेन्द्र साहू, ओंकार साहू,धनेश्वर निषाद के साथ हाथ मुक्का एवं डण्डा से रातभर मारपीट किया। जिससे सभी के हाथ पैर,पीठ सहित शरीर में गंभीर चोट लगा। जिससे कार्तिक पटेल 19वर्ष की जिला अस्पताल धमतरी में मौत हो गई। जिसकी प्रार्थी मृतक के तुलसी राम पटेल की लिखित शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध कायम कर एसपी के निर्देश पर विवेचना किया।

इस दौरान मारपीट करने में शामिल आरोपी डोमेश कुमार साहू पिता प्रेम कुमार साहू उम्र 18 वर्ष 02 माह का एवं अन्य आरोपी के द्वारा भी मारपीट करना पाये जाने पर 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं मॉब लिचिंग मामले में पुलिस की तफ्तीश अब भी जारी है। जिसमें मारपीट की वीडियो फ़ुटेज एवं पीड़ित युवकों तथा उनके परिजनों की कथन के आधार पर शुक्रवार को 16 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें ईश्वर ध्रुव पिता सुमरु ध्रुव, देवराज ध्रुव पिता समारू ध्रुव, तोरण साहू पिता रूपसिंग साहू, टोमन साहू पिता पुनाराम साहू, ईश्वर साहू पिता निर्मल साहू, देवनारायण साहू पिता दिलीप साहू, गोलू ध्रुव पिता गिरवर धुव, धनश्याम ध्रुव पिता गणेशु ध्रुव, कृष्णा यादव पिता मनीराम यादव, भुपेश साहू पिता मंगतू साहू, खुमेन्द्र साहू पिता रमेश साहू, जागेश्वर निर्मलकर पिता कृपाराम निर्मलकर, सभी सिरसिदा तथा हरीश चंद्राकर परसवानी (दहदहा), संजय साहू परसवानी, विकास सेन पिता दुर्योधन सेन भैसमुण्डी, केशव सेन पिता चन्द्रहास सेन दहदहा शामिल है। जिसका डाक्टरी मुलाहिजा के बाद न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही किया जा रहा है। बता दें कि सिरसिदा मॉब लिचिंग मामले में 3 महिलाओं समेत 13 लोग पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। आज 16 सहित अब तक 29 ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस ने गिरफ्तारी की कार्यवाही की है।

इस सम्बंध में कुरुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि प्रार्थियों एवं वीडियो फ़ुटेज के आधार पर कार्तिकेय हत्या कांड में शामिल 16 लोगों को चिन्हाकित कर गिरफ्तारी की कार्यवाही किया जा रहा है।

## संबलपुर फूड कोर्ट मॉल का किराया राशि हुआ कम



जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर का प्रयास रंग लाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी के ग्राम संबलपुर में नवनिर्मित फूड कोर्ट माल के 19 दुकान का आँबटन नीलामी पद्धति से किया गया था जहां अधिक किराए को लेकर शुरू से ही व्यापारियों में रोष व्याप्त था। जिस पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर के द्वारा संबंधित अधिकारियों से नियमानुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था। अब कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमतरी के द्वारा व्यावसायिक परिसर नीलामी की बीस दुकान की कुल नीलामी राशि के आधार पर 0.045 प्रतिशत मासिक किराया वसूली का निर्देश प्राप्त हुआ है। जबकि पूर्व में 0.45 प्रतिशत के आधार पर व्यावसायिक परिसर का मासिक किराया लिया जा रहा था। फूड कोर्ट मॉल के दुकानों की किराया राशि कम होने पर व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों ने श्री चन्द्राकर को पुष्पगुच्छ, साल, श्रीफल व मिठाई खिलाकर इस कार्य के लिए आभार माना। इस दौरान प्रमुख रूप से सतीश चंद्राकर व्यापारी संघ अध्यक्ष संबलपुर, कृष्णा महंती संरक्षक व्यापारी संघ संबलपुर, मोहित साहू सचिव व्यापारी संघ संबलपुर, टार्जन सोरी, भानुप्रताप रामटेके, राहुल नेताम, तोरण साहू, कृष्णकांत पटेल, विकास नेताम, छगेंद्र गौतम, प्रेमा यादव, नेत्र प्रकाश रामटेके, सोमप्रकाश यादव, तामेश्वर साहू, हरीश रामटेके, ललित यादव, चंदन ध्रुव, बीना सोरी, नेहा ध्रुव, शीतल बग्गा, चंद्रहास रामटेके व बड़ी संख्या में व्यापारीगण ग्रामवासी उपस्थित थे।

खबर का असर : 49 शिक्षक पंचायत संवर्ग का संविलियन आदेश जारी

## शिक्षक पंचायत संवर्ग के विधवाओं को अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए : मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



- कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ प्रदेश देवांगन ने रखी थी मांग

कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ ग. पं क्र. 2338 के प्रांताध्यक्ष मनोज देवांगन के नेतृत्व में प्रदेश के 300 से अधिक शिक्षक पंचायत संवर्ग जिनका संविलियन तकनीकी कारणों से छूट गया था उनके संविलियन की मांग को लेकर विधानसभा जाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन सौंपा गया था। संवेदनशील मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश अपने अधिकारियों को दिये।

प्रांताध्यक्ष मनोज देवांगन, मुक्तेश्वर देवांगन एवं धन्नू देवांगन ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संबंधित विषय को लेकर लगातार सीएम सचिवालय एवं संबंधित अधिकारियों से निरंतर संपर्क कर प्रकरण के शीघ्र निपटारा के लिए प्रयास कर रहे थे।प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के ही प्रयास से शिक्षा सचिव ने प्रकरण को मंत्रिमंडल में रखवाकर पात्र 97 शिक्षक पंचायत संवर्ग का प्रस्ताव पारित कराया। शिक्षा सचिव के निर्देश पर पंचायत संचालनालय एवं लोकशिक्षण संचालनालय के टीम एक बार पुनः सबंधित प्रकरण का बारीकी से अध्ययन कर 49 शिक्षक पंचायत संवर्ग का संविलियन आदेश लोक शिक्षण संचालनालय ने संबंधित संभागायुक्त शिक्षा विभाग एवं संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को जारी कर दिया है। प्रकोष्ठ ने छ ग सरकार एवं संबंधित सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए पुनः मांग पत्र प्रेषित किया है कि प्रदेश के संविलियन से छुटे हुए शेष शिक्षक पंचायत संवर्गो का तकनीकी त्रुटियों को शीघ्र सुधार कराकर उन लोगों का भी शीघ्र संविलियन किया जाए। प्रदेश के शिक्षक पंचायत संवर्ग के विधवाओं के अनुकंपा नियुक्ति के लिए भी प्रकोष्ठ बहुत ही गंभीर है और इस दिशा मे भी प्रयास जारी रखा है। इस विषय पर भी जल्द सी एम साय से मिलकर अपनी बातें रखेंगे। शीघ्र संविलियन एवं अनुकंपा प्रकरण के शीघ्र निपटारा के लिए मांग करने वालो में मुक्तेश्वर देवांगन, धन्नू देवांगन, दीपक देवांगन, महेत्तर देवांगन, हेमचन्द्र देवांगन, जगन्नाथ देवांगन, फुलधर देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, डा. विवेक देवांगन, गोविंद देवांगन, श्रवण देवांगन, राजाराम देवांगन के साथ साथ अन्य सभी पदाधिकारी शामिल हैं।


धमतरी जिला हरिभूमि 12
प्रदेश के 300 शिक्षकों के शीघ्र संविलियन की मांग

## भोथीडीह सोसायटी में खरीदी के बाद धान कट्टा जाम



- खरीदी के बाद धान के कम उठाव से प्रबंधक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

भोथीडीह सोसायटी में धान खरीदी के बाद परिवहन के अभाव में धान कट्टा जाम हो गया है। खरीदी की गई धान कट्टा की उठाव धीमी गति से चल रही है। बंपर धान खरीदी की अपेक्षा धान परिवहन कछुए चाल से चल रही है। जिससे समिति प्रबंधक परेशान हैं। धान की उठाव के लिए उच्च अधिकारियों से अवगत कराने के बाद भी धान उठाव नहीं के बराबर हो रही है। सोसाइटी से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिदिन 5000 कट्टा धान से अधिक खरीदी हो रही है। 27 दिसम्बर की स्थिति में भोथीडीह में 55052 क्विंटल धान खरीदी कर चुकी है। जिसमें से मात्र 22329.60 क्विंटल धान का परिवहन हुआ है।

सोसायटी में 33172.40 क्विंटल धान जाम है। सोसायटी ने धान खरीदी एवं ऋण वसूली में अच्छा प्रदर्शन कर 27918860 ऋण वसूली कर लिया है। सोसायटी में अब तक 60% खरीदी हो चुकी है। भोथीडीह सोसाइटी को शासन द्वारा 93 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें 60 प्रतिशत खरीदी हो गई किन्तु मात्रा 40 प्रतिशत धान उठाव होने से बचत धान कट्टा जाम होने से खरीदी केन्द्र में जगह का आभाव हो गया है। सोसायटी प्रबंधक ने बताया कि छुट्टी के दिन परिवहन वाहन लगाया जाए जिससे जगह की समस्या को हल किया जा सकता है। इसी प्रकार बोरसी, मोहंदी, मेघा, कपालफोड़ी, सिंगपुर सोसायटी में भी उठाव की समस्या बनी हुई है।

## मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



दिसम्बर या जनवरी के महीने में जब सत्र समाप्ति की ओर होता है तब विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाता है।

27 दिसंबर शुक्रवार को मेनोनाईट इंग्लिश सी.से.स्कूल धमतरी के स्वर्ण जयंती के अवसर पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव का आयोजन बेहद सफल और उद्देश्य पूर्ण रहा। वार्षिक समारोह का शुभारंभ सुबह 11 बजे किया गया जिसमें आमंत्रित अतिथि, पालक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात पुष्पगुच्छ भेंटकर अतिथियों का स्वागत करते हुए शाला के स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया।

सांय 4:30 बजे से शाला का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अतिथि, अभिभावक गण और विद्यार्थियों में गजब का उत्साह देखा गया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि चंद्रशेखर चौबे (सेवानिवृत्त प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय) सहित शाला प्रबंधन समिति के चेयरमैन एम. के.मसीह, उपाध्यक्ष सचिव मनेश सिंग, नवीन बघेल, जे.एस.खालसा, प्राचार्या श्रीमती एच. के.खालसा सहित सभी सम्मानित सदस्यों का पुष्पगुच्छ एवं उपहार द्वारा स्वागत किया गया। जिसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम शाला के विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ का राज्य गीत अरपा पैरी एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ए.सिंग, स्टीव लाल एवं श्रीमती करिश्मा मिलाप द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम किसी न किसी राज्य को समर्पित था। सांस्कृतिक नृत्य एवं गीत, देश भक्ति नृत्य, लोक गीत- संगीत के साथ-साथ आधुनिक परंपरा में पश्चिमी नृत्य एवं गीत भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें शाला के सभी प्रतिभागी छात्रों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।




कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत इंस्ट्रुमेंटल म्यूजिकल परफार्मेंस और देश के सभी राज्यों को समर्पित नृत्य रहे, जिसे दर्शकों की भरपूर प्रशंसा मिली।

कार्यक्रम के दौरान शाला की प्राचार्या श्रीमती एच. के. खालसा ने विद्यालय की वर्तमान स्थिति और बोर्ड परीक्षा परिणाम तथा विद्यालय विकास की प्रगति के बारे में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और अभिभावकों से अधिक से अधिक विद्यालय की प्रगति में सहयोग प्रदान करने की अपील की। अंत में सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

## पीएम जनमन सड़क चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

- सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार : सड़क की गुणवत्ता निर्माण में गड़बड़ी दिखा रहे
- प्रशासन की उदासीनता के चलते ठेकेदार की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहलाने वाले कमार जनजाति जो कि छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्र में निवास कर वनों पर आश्रित रहकर अपना जीवनयापन करते हैं इन जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक ओर भारत सरकार के द्वारा पीएम जनमन योजना लागू कर इन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ जिम्मेदार अधिकारी व ठेकेदार नियम व कायदे को ताक में रखकर इन दत्तक पुत्रों के लिए योजना को पलीता लगाकर चांदी काटने में लगे हुए है। ताजा मामला धमतरी जिले के नगरी ब्लाक अंतर्गत उमरगांव के कमारपारा में बन रहे डामरीकरण सड़क का है, वर्तमान समय में यहां बन रहे डामरीकरण सड़क पर भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि सड़क पर डामर बिछाई का कार्य जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है वैसे वैसे कुछ ही घंटो के बाद पीछे से उखड़ते चले जा रहा है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि निर्माण के एक दिन बाद एक छोटे से बच्चे के पैरों से सड़क को रगड़ने मात्र से ही डामर और गिट्टी आसानी से उखड़ गया। वहीं कुछ लोगों के उस सड़क पर गुजरने मात्र से ही डामर व गिट्टी उखड़ते हुए दिखाई दिए। वहां मौजूद कमार लोगों ने बताया कि रोड निर्माण में सही मात्रा में डामर का उपयोग नहीं किया गया है उसके चलते एक ही दिन बाद रोड उखड़ना चालू हो गया है। वही ठेकेदार के मुंशी से चर्चा किए तो उन्होंने कहा कि यह सड़क ईस्टीमेट के आधार पर ही बन रहा है। एस्टीमेट में इतना ही मोटाई और गुणवत्ता देना है।

इस संबंध जब पीएमजीएसवाई के उपअभियंता श्री चंद्राकर से दूरभाष से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि जो डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य चल रहा है वह मेरे देखरेख में एवं तय मानकों के आधार पर संबंधित ठेकेदार द्वारा बनाया जा रहा है।

### प्रभारी सीईओ का किया स्वागत

**नगरी।** प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी करूणासागर पटेल का जनपद पंचायत परिवार ने स्वागत किया। मौके पर आंनदराम साहू प्रभारी वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, बीपी सौरज लेखापाल, आरएस नेताम विकास विस्तार अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

### बाबा गुरु घासीदास जयंती कोटगांव में कल

**जीजामगांव।** सतनामी समाज कोटगांव के तत्वावधान में बाबा गुरु घासीदास की जयंती 30 दिसंबर सोमवार को आयोजित किया गया है। समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर में ग्राम छाती ज्ञान के अंजोर पंथी पार्टी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। साथ ही रात मे मनोरंजन के लिए छन्नू मन्नू नाचा पार्टी बालोद की प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में थानसिंग भारती, सेवकराम भारती, वासुदेव कोसरिया, सीताराम टंडन, लीलाराम बंजारे, नरेश सोनवानी, जीतेन्द्र रात्रे, गोपाल मारकंडे, उमेश गायकवाड, टीकू भारती, चमनलाल भारती सहित समस्त सतनामी समाज कोटगांव जुटे हुए हैं।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-

चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
11 मई से 24 मई 2025, 14 मई से 27 मई 2025,
19 मई से 01 जून 2025, 22 मई से 04 जून 2025,
25 मई से 07 जून 2025, 30 मई से 12 जून 2025,
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## सोसाइटियों में प्राधिकृत अधिकारी नियुक्ति के बाद मुख्यमंत्री का कुरूद आगमन

**अंवरी।** सोसाइटियों में प्राधिकृत अधिकारी नियुक्ति के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नगर आगमन होने पर कुरुद नेशनल हाईवे स्थित विनायक स्टेटस में अमृतेश्वर महादेव एवं शिव परिवार द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मंदिर के दर्शन के पश्चात पदाधिकारियो से मुलाकात की गई। जिसमे नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और सहकारिता में सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों से परिचय कराया गया। ताकि संगठन मजबूत रहे। इसी क्रम में वृताकार सोसाइटी कुरूद के नव नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी प्रभात बैस, भाजपा कुरूद मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू, भाजपा शहर संयोजक एवं संतगुरु घासीदास महाविद्यालय कुरुद जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकार से चर्चा हुई।



### भौतिकी विषय की बारीकियों पर हुआ मंथन

**नगरी।** डाइट नगरी में भौतिकी विषय के शिक्षकों का सेवा कालीन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। बच्चों में विषय के प्रति समझ बनाने तथा कठिन भागों को अच्छा ढंग से रुचिकर बनाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को अलग- अलग समूह में विभाजित किया गया जिसमें विषय आधारित मापन और किरण प्रकाशिकी पर टीएलएम भारद्वाज और हरीश साहू द्वारा प्रदर्शित किया गया।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020